16 नवंबर 2022

कैथल सवेरा

धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय प्रैस दिवस

● 4 जुलाई 1966 को हुई थी प्रैस परिषद की स्थापना: सुभाष शर्मा

उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए।

परिणाम इस प्रकार रहे। समाचार पठन में प्रथम स्थान पर रितिका, दूसरे स्थान पर शिवानी और तीसरे स्थान पर मुस्कान रही। कार्टून/पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान पर आकृति, दूसरे स्थान पर शिवानी और तीसरे स्थान पर मानसी रही। निबंध लेखन में प्रथम शिवानी, द्वितीय स्थान पर मुस्कान और तृतीय स्थान पर काजल रही। नेचर फोटोग्राफी में प्रथम स्थान पर नवीन, दूसरे स्थान पर राहुल और तीसरे स्थान पर अमन रहा।

कैथल, 16 नवंबर. राजकीय महाविद्यालय मे जनसंचार विभाग के जनसंचार क्लब द्वारा राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया इस अवसर पर जनसंचार क्लब द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधिया आयोजित की गई। जिसमें समाचार पठन, कार्टून पोस्टर मेकिंग, नेचर फोटोग्राफी, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताओं को सम्मिलित किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अपने कौशल को मंच पर अपनी प्रतिभा के साथ प्रस्तुत किया।

इन प्रतियोगिताओं में मीडिया और समाज, मीडिया और युवा, सोशल मीडिया के प्रभाव और मीडिया साक्षरता के विषयों को

वीरवार THURSDAY 17 नवम्बर 2022

कैथल केसरी

राजकीय कालेज में मनाया प्रैस दिवस

विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

कैथल, 16 नवम्बर (विनोद) : डा. भीम राव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत कालेज के जनसंचार विभाग के जनसंचार क्लब द्वारा राष्ट्रीय प्रैस दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर जनसंचार क्लब द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसमें समाचार पठन, कार्टून/पोस्टर मेकिंग, नेचर फोटोग्राफी व निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताओं को सम्मिलित किया गया।

इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अपने कौशल को मंच पर अपनी प्रतिभा के माध्यम से प्रस्तुत किया।

इन प्रतियोगिताओं में मीडिया और समाज, मीडिया और युवा, सोशल मीडिया के प्रभाव और मीडिया साक्षरता के विषयों को कार्यक्रम में शामिल किया गया।

राजकीय कालेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक प्रतिभागी को सम्मानित करते कालेज के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. जसपाल मलिक, साथ है प्रो. सुभाष शर्मा, प्रो. विरेंद्र खटकड़ व अन्य। (विनोद)

इस कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को बताया कि प्रैस परिषद की स्थापना 4 जुलाई 1966 को हुई, लेकिन परिषद ने अपना कार्य 16 नवम्बर को शुरू किया। जिसका मुख्य उद्देश्य प्रैस की स्वतंत्रता की सुरक्षा एवं उच्च आदर्श कायम करने के उद्देश्य से इसका गठन किया गया, तब से लेकर आज तक प्रतिवर्ष 16 नवम्बर को राष्ट्रीय प्रैस दिवस के रूप में मनाया जाता है। डा. अभिषेक गोयल ने कहा कि प्रैस दिवस की महत्ता पत्रकारिता जगत में बहुत गहरी है।

इसकी सुरक्षा करना हर मीडिया कर्मी का प्रथम कर्तव्य है। प्रो. विरेंद्र खटकड़ ने अपने विचारों में इस दिन को अति महत्वपूर्ण दिन बताया। प्रो. अमित पाहवा ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता के लिए चौथे स्तम्भ-पत्रकारिता की निर्णायक भूमिकाओं का बारीकी से वर्णन किया। कार्यक्रम में विभाग के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में जनसंचार क्लब की अध्यक्ष छात्रा शिवानी ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के समापन समारोह पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. जसपाल मलिक ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने प्रैस दिवस पर जनसंचार क्लब द्वारा आयोजित की गई सभी प्रतियोगिताओं के लिए विभाग को भी शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस प्रकार रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

समाचार पठन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रितिका, दूसरे स्थान पर शिवानी और तीसरे स्थान पर मुस्कान रही।

कार्टून/पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आकृति, दूसरे स्थान पर शिवानी और तीसरे स्थान पर मानसी रही।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम शिवानी, द्वितीय स्थान पर मुस्कान और तृतीय स्थान पर काजल रही। नेचर फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नवीन, दूसरे स्थान पर राहुल और तीसरे स्थान पर अमन रहा।

प्रभाव कार्यक्रम में शामिल किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष शर्मा ने किया। प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे। समाचार पठन में प्रथम - रितिका, द्वितीय - शिवानी, व तृतीय स्थान पर मुस्कान रही। पोस्टर मेकिंग में प्रथम - आकृति, द्वितीय - शिवानी और तृतीय स्थान पर मानसी रही। निबंध लेखन में प्रथम - शिवानी, द्वितीय - मुस्कान और तृतीय स्थान पर काजल रही। नेचर फोटोग्राफी में प्रथम - नवीन, द्वितीय - राहुल व तृतीय स्थान पर अमन रहा।

जनसंचार क्लब के सदस्य

(1) शिवानी - Shivani	(4) ज्योति -
(2) साहिल -	(5) राहुल - Rahul
(3) अर्पित -	(6) मुस्कान - Muskan

HOD mmb